26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 6 फरवरी, 2026

अंक- 104 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# कल देशभर में थम जायेंगे ओला-उबर-रैपिडो के पहिये

## कैब ड्राइवरों ने बुलाई देशव्यापी हड़ताल

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** अगर आप कल कहीं जाने के लिए ओला, उबर या रैपिडो बुक करने की सोच रहे हैं तो थोड़ी सावधानी बरतें। कल, यानी शनिवार (7 फरवरी) को इन कंपनियों के ड्राइवरों ने देशभर में हड़ताल का ऐलान किया है। ड्राइवरों ने इसे 'ऑल इंडिया ब्रेकडाउन' का नाम दिया है और वे अपना मोबाइल एप बंद रखेंगे। इस वजह से आपको कैब, ऑटो या बाइक टैक्सी मिलने में काफी दिक्कत हो सकती है। अच्छा होगा कि आप अपनी यात्रा के लिए कोई दूसरा इंतजाम जैसे बस या मेट्रो पहले से देख लें। इस हड़ताल को तेलंगाना गिग वर्कर्स यूनियन और दूसरे संगठनों ने मिलकर शुरू किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर साफ कहा है कि 7 फरवरी को पूरे भारत में ड्राइवर काम बंद रखेंगे। उनका कहना है कि न तो उनका कोई किराया तय है और न ही कोई नियम, बस उनका शोषण हो रहा है। यूनियन ने नितिन गडकरी (सड़क परिवहन मंत्री) को चिट्ठी लिखकर अपनी शिकायतें बताई हैं। ड्राइवरों का कहना है कि सरकार की तरफ से कोई रेट तय नहीं है, इसलिए कंपनियां अपनी मर्जी से पैसे काटती हैं। इस वजह से ड्राइवरों के लिए घर चलाना मुश्किल हो गया है।

# भाजपा संगठन में होगी नये चेहरों की एंट्री

## पुराने पदाधिकारियों की विदाई तय, कार्यकारिणी में बड़े बदलाव के संकेत



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उत्तर प्रदेश संगठन में जल्द ही बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। पार्टी संगठन में नये और सक्रिय कार्यकर्ताओं को अवसर देने की तैयारी चल रही है। लंबे समय से संगठन में जमे पदाधिकारियों की जगह नये चेहरों को शामिल करने पर गंभीर मंथन किया जा रहा है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश भाजपा की नई कार्यकारिणी को लेकर शीर्ष स्तर पर चर्चा तेज है। उपमुख्यमंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में संगठन को अधिक सक्रिय, संतुलित और चुनावी दृष्टि से मजबूत बनाने की रणनीति पर काम हो रहा है। पार्टी नेतृत्व की मंशा है कि संगठन में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन साधते हुए ऐसे कार्यकर्ताओं को आगे लाया जाए, जिन्होंने जमीनी स्तर पर लगातार काम किया है। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि कई ऐसे पदाधिकारी जो लंबे समय से कार्यकारिणी में हैं, उन्हें इस बार बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। उनकी जगह नये लोगों को शामिल कर संगठन में नई ऊर्जा भरने की कोशिश होगी। इसके लिए संभावित नामों की सूची तैयार की जा रही है, जिस पर केंद्रीय नेतृत्व की भी नजर है। प्रदेश कार्यकारिणी के साथ-साथ जिला स्तर की कार्यकारिणियों में भी बदलाव संभव है। खासतौर पर आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए पार्टी उन चेहरों को तरजीह देना चाहती है, जिनकी पकड़ अपने-अपने क्षेत्रों में मजबूत है और जो सामाजिक समीकरणों को साधने में सक्षम हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा नेतृत्व का मानना है कि संगठन में समय-समय पर बदलाव जरूरी है, ताकि कार्यकर्ताओं में उत्साह बना रहे और पार्टी का जनाधार और मजबूत हो। ऐसे में आने वाले दिनों में भाजपा संगठन में नये चेहरों की एंट्री और पुराने पदाधिकारियों की विदाई तय मानी जा रही है।

# परीक्षा में सफलता की गारंटी आत्मविश्वास होता है, हड़बड़ी नहीं- पीएम मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि छात्रों को परीक्षा के लिए तनाव पालने और ज्यादा नंबर लाने की होड़ की सोच पर ध्यान देने की बजाय जीवन के लक्ष्य की कसौटी पर खुद को कसते हुए निरंतर और धैर्य तथा आत्मविश्वास के साथ काम करते रहने की जरूरत पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। श्री मोदी ने आज अपने आवास पर 'परीक्षा पर चर्चा' को लेकर देश के विभिन्न हिस्सों से आए बच्चों से संवाद के कार्यक्रम में बच्चों से बात करते हुए कहा कि परीक्षा को बोझ नहीं मानना है और उसे आसानी से लेते हुए अपनी पढ़ाई करनी है। उन्होंने पुराने पेपर देखकर तैयारी करने को पुरानी बीमारी बताया और कहा कि नये दौर में इसका कोई औचित्य नहीं है। यह एक तरह की बीमारी है, इसलिए सहज रूप से अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए तैयारी करनी चाहिए और परीक्षा को तनाव की वजह या बोझ नहीं बनाना चाहिए। प्रधानमंत्री से एक बच्चे ने सवाल किया कि जीवन में सपना पलना ज़रूरी है, श्री मोदी ने कहा कि सपना न देखना जीवन के साथ सबसे बड़ा अपराध है। सपने से ही लक्ष्य बनते हैं और उससे शक्ति के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कठिन से कठिन सपने को पाने के लिए अनुकूल मेहनत कर ही उसे पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को खुद का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए महापुरुषों की जीवनियां पढ़नी चाहिएं। श्री मोदी ने कहा कि किसी भी परीक्षा के लिए आत्मविश्वास जरूरी है और आत्मविश्वास तभी आता है जब सच्चे मन से अपने विषय को अपने लक्ष्य के अनुसार पढ़ते हैं।



# राममोहन अग्रवाल नहीं रहे



**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी के स्तम्भ कहे जाने वाले कद्दावर नेता राममोहन अग्रवाल का आज दोपहर निधन हो गया। वह पिछले काफी दिनों से कैंसर से जूझ रहे थे। काफी उपचार के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। दोपहर लगभग एक बजे उन्होंने अपने आवास निकट रेलवे क्रॉसिंग चक्कर रोड पर अंतिम सांस ली। राममोहन अग्रवाल ट्रांसपोर्ट का काम करते थे। एक समय में वे भाजपा के मजबूत नेताओं में गिने जाते थे। मृदुभाषी एवं व्यवहार कुशल इंसान थे। आज सायं 4 बजे उनकी शवयात्रा गंगा बैराज घाट के लिये रवाना होगी। **चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।**

# 'हेट स्पीच' मामले में दीपक बजरंगी गिरफ्तार, जेल भेजा



**कोटद्वार (चिंगारी)।** नफरती भाषण (हेट स्पीच) मामले में पुलिस ने दीपक बजरंगी को कल देर रात गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एक दर्जन से अधिक लोगों को चिन्हित किया है। इंस्पेक्टर प्रदीप नेगी ने बताया कि घटनाक्रम के बाद दीपक बजरंगी ने सोशल मीडिया पर नफरती व भड़काऊ बयान जारी किए थे, जिससे माहौल खराब होने व शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आंशका को देखते हुए जांच पड़ताल के बाद गुरुवार देर रात दीपक बजरंगी को गाड़ीघाट स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने शांतिभंग की धारा के अंतर्गत दीपक बजरंगी का चालान कर एसडीएम के न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले एक दर्जन से अधिक लोगों को चिन्हित किया गया है, जिनके खिलाफ कार्यवाही की जानी है।

जिले का पहला एवं एकमात्र

Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

डॉ. मनु अग्रवाल

M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore) FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-

1. घुटने की गद्दी (MENISCUS) फटना
2. लिगामेंट का टूटना (ACL/PCL)
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुंडना
4. कंधे का बार-बार उतरना (SHOULDER DISLOCATION)
5. कंधे की नस का दबना या फट जाना (Rotator Cuff Tear)
6. कुल्हे का बदलना (DAA) /घुटने का बदलना (विदेशी Implant के साथ)
7. टूटी हड्डियों का Operation (Titanium Implant से किया जाता है।



निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।

रविवार अवकाश

समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर

मो. 9829211842, 8218989411

# मां-बेटी के शव पहुंचने पर मचा कोहराम

**शेरकोट ( चिंगारी )।** बुधवार की रात शेरकोट-धामपुर के बीच हुए सड़क हादसे की शिकार बनी ग्राम शहजादपुर निवासी मां और मासूम बेटी का बृहस्पतिवार की दोपहर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस हृदय विदारक घटना से परिजनों में कोहराम मचा है और गांव में शोक व्याप्त है।

गौरतलब है कि थाना क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर निवासी विकास कुमार बुधवार की देर शाम अपनी पत्नी मंजू देवी, पुत्र दिव्य कुमार (9 वर्ष) और पुत्री सृष्टि (4 वर्ष) के साथ बाइक पर सवार होकर धामपुर के ग्राम ढक्का स्थित अपनी ससुराल में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान हाईवे पर ट्रक द्वारा पीछे से टक्कर मार दिये जाने से बाइक सवार सड़क पर गिरकर गए थे और ट्रक से




मृतक मां-बेटी के फाइल फोटो

कुचल जाने से मंजू और सृष्टि की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि विकास और उनका पुत्र दिव्य घायल हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने घायल बाप-बेटे को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर में भर्ती कराकर मां-बेटी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम के बाद बृहस्पतिवार की सुबह मां-बेटी के शव घर पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया और देखने वालों की भीड़ लग गई। इस घटना में ट्रक का पहिया ऊपर से उतर जाने के कारण मंजू और उसकी मासूम बच्ची के शव क्षत-विक्षत हो गए थे, जिन्हें देखकर लोगों का कलेजा मुंह को आ गया। हर कोई दोनों के शवों को देखने की हिम्मत भी नहीं कर पाया। गमगीन माहौल में दोपहर को मंजू का हरेवली बैराज के निकट स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया, जबकि मासूम सृष्टि को दफना दिया गया। इस घटना के बाद से ही परिजनों में कोहराम मचा है और गांव में शोक व्याप्त है।

## विकास कुमार पर टूटा दु:खों का पहाड़

शहजादपुर निवासी विकास कुमार के परिवार में उनकी पत्नी मंजू सहित पुत्र दिव्य और पुत्री सृष्टि थी। बताया जाता है कि विकास मेहनत-मजदूरी और मंजू घर के पास ही छोटी से परचून की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। पति-पत्नी अपने बच्चों के साथ सादगी और सुख के साथ अपनी गुजर-बसर कर रहे थे। इस बीच बुधवार की रात हुए इस हृदय विदारक हादसे में पत्नी मंजू और पुत्री सृष्टि के असमय काल के गाल में समा जाने से विकास पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा है। रिश्तेदारों और करीबी लोगों के काफी ढांढस बंधाने के बाद भी विकास अपने दु:ख पर काबू नहीं कर पा रहा है। पत्नी और बेटी की मौत के बाद से उसका रो-रोकर बुरा हाल है। ये मंजर देखने वालों की आंखें नम हो रही हैं।

# चाइनीज़ मांझे की चपेट में आने से युवक घायल



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** शासन-प्रशासन की सख्ती के बाजवूद स्थानीय पुलिस चाइनीज़ मांझे की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लगा पा रही है। चाइनीज़ मांझे की चपेट में आने से एक और युवक घायल हो गया। क्षेत्र के ग्राम जहानाबाद निवासी श्याम सुंदर राठी नजीबाबाद में फ्लाईओवर से बाइक से गुजर रहे थे, इसी दौरान चाइनीज़ मांझे की चपेट में आकर वह घायल हो गये। घायल ने अस्पताल पहुंचकर उपचार कराया। नजीबाबाद में चाइनीज़ मांझे से पूर्व में दर्जनों घटनाएं हो चुकी हैं, मगर इसके बावजूद पुलिस चाइनीज़ मांझे की बिक्री नहीं रोक पा रही है।

# आसपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**नगीना ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एसआईआर के लिए हो रहे कार्यों में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए एसडीएम को एक ज्ञापन दिया। बृहस्पतिवार की दोपहर आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता तहसील परिसर में एकत्र हुए तथा जोरदार नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसडीएम विजय शंकर को दिये गए ज्ञापन में कहा कि तहसील नगीना में एसआईआर फार्म संख्या सात में कितनी आपत्ति अब तक आई हैं तथा कितनी लंबित हैं, इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। पत्र के माध्यम से किसी भी सही व्यक्ति का वोट न काटे जाने तथा वोट के अधिकार से किसी को भी वंचित न किए जाने की मांग की गई। इस मौके पर मुस्लिम भाईचारा कमेटी के जिला संयोजक शेख परवेज पाशी, जिला प्रभारी नगीना दीपक कुमार, प्रदेश सचिव साहिल मेहरा, सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर, विधानसभा अध्यक्ष सरफराज मलिक आदि मौजूद रहे।



# नांगल में रविवार को होगा हिन्दू सम्मेलन

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** आरएसएस की स्थापना 27 सितंबर, 1925 को विजयदशमी के दिन हुई थी। 2025 में आरएसएस अपने 100 वर्ष पूर्ण कर चुका है। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संगठन द्वारा घोषित मंडलों में हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। परसों यानी रविवार को सत्येन्द्र गोयल सरस्वती शिशु एवं शिक्षा मंदिर नांगल सोती में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा। आयोजक कमेटी के अध्यक्ष राजपाल सिंह, अखिलेश अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, पंकज पाल, भारत सिंह, रवीन्द्र कौशिक, सुनील कुमार धीमान, नरपाल सिंह फौजी, कर्मवीर सिंह ने बताया कि रविवार को सुबह 10 बजे से भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एमडी डिग्री कॉलेज बिजनौर के एमडी डा. विदित तथा विश्व हिंदू परिषद के नेता कैलाश उपाध्याय होंगे। आरएसएस के गगन कर्णवाल,भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधीर भुईयार ने बताया कि स्वयंसेवक तथा भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों में जी - जान से जुटे हुए हैं।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट
अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके ध्रुविका मोटर्स पर उपलब्ध है।
एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# फेरी वाले से लूट का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार



**किरतपुर ( चिंगारी )।** करीब एक माह पूर्व फेरी कर घर लौट रहे युवक से हुई लूट की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। 30 दिसंबर 2025 की रात गांव भरैकी निवासी आसिफ पुत्र अब्दुल वाहिद फेरी कर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव स्थित नहर के पुल के पास मोटरसाइकिल सवार युवकों ने उसे रोक लिया और मोबाइल फोन तथा सात हजार रुपये की नकदी लूटकर फरार हो गए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार के निर्देशन में चौकी प्रभारी भनेड़ा देवेंद्र कुमार ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए इसे चुनौती के रूप में स्वीकार किया और एक विशेष पुलिस टीम गठित की। संदिग्धों से सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने लूट की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने समीर, दीपांशु और जीशान निवासी ग्राम जन्दरपुर गजरौला, थाना बिजनौर को गिरफ्तार किया है।

# पंचायत चुनाव के मद्देनजर मामूली विवादों को दे रहे तूल

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिये आरक्षण तथा तिथियों की घोषणा अभी भले ही नहीं हुई है, मगर गांवों की चौपालों पर लोगों की संख्या बढ़ने जरूर लगी है। भावी उम्मीदवारों ने गोटियां बैठानी शुरू कर दी हैं। खासकर जिला पंचायत सदस्य पद तथा ग्राम प्रधान पद के उम्मीदवारों ने मतदाताओं से सम्पर्क बढ़ाना शुरू कर दिया है। गांवों में नये-नये समीकरण बनने लगे हैं। इससे जहां आम मतदाताओं की थोड़ी-थोड़ी बूझ होने लगी है, वहीं आगामी पंचायत चुनावों के साइड इफेक्ट भी सामने आने लगे हैं। सबसे बड़ा साइड इफेक्ट यह सामने आ रहा है कि गांवों के विवादों को पुलिस के समक्ष बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत



किया जा रहा है। कई गांवों में इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं, जहां विवाद को जानबूझकर बढ़ा दिया जाता है। दरअसल गांवों के विवादों को भावी उम्मीदवार चुनावी तराजू में तौलकर देख रहे हैं। जिस पलड़े में वोट ज्यादा नज़र आते हैं, उसी तरह भावी उम्मीदवार झुक जाते हैं। एक तरफ एक भावी उम्मीदवार खड़ा होता है, तो दूसरी तरफ दूसरा भावी उम्मीदवार जा खड़ा होता है। अपने-अपने पक्ष की बात बड़ी रखने के लिये भावी उम्मीदवार पूरे जोर लगाते हैं। कहीं भावी उम्मीदवार पर्दे के पीछे से काम करते हैं, तो कहीं खुल्लम-खुल्ला। इससे पुलिस के समक्ष भी सच्चाई जानने की चुनौती खड़ी होती है। इस विषय पर पुलिस अधिकारी खुलकर तो अपनी बात नहीं रखते हैं, मगर पंचायत चुनावों के दृष्टिगत चौकन्ने जरूर हैं।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to: manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE: K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# कार्बेट टाइगर रिजर्व में अब सफारी के दौरान मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे पर्यटक




अफजलगढ़ ( चिंगारी )। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की सुरक्षा और प्राकृतिक वातावरण को मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त रखने के उद्देश्य से सभी पर्यटन जोनों में सफारी के दौरान पर्यटकों के लिए मोबाइल फोन ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। वन अधिकारियों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार जंगल सफारी के दौरान स्मार्ट फोन का किसी भी प्रकार से उपयोग नहीं किया जाएगा। इस कदम का मुख्य उद्देश्य वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, शोर और डिजिटल हस्तक्षेप को कम करना तथा जंगल के प्राकृतिक वातावरण को यथासंभव स्वाभाविक बनाए रखना है। नये नियमों के तहत डे-सफारी पर जाने वाले सभी पर्यटकों को प्रवेश द्वार पर ही अपने मोबाइल फोन जमा कराने होंगे। नाइट स्टे पर जाने वाले पर्यटकों के मोबाइल जिप्सी में रखे विशेष सुरक्षित बॉक्स में जमा किए जाएंगे, जो चालक और नेचर गाइड की निगरानी में रहेगा। पार्क वार्डन अमित ग्वासाकोटी के अनुसार नाइट स्टे वाले पर्यटकों को रेस्ट हाउस पहुंचने के बाद उनके मोबाइल लौटा दिए जाएंगे। लेकिन उनका उपयोग केवल आवास परिसर के अंदर ही किया जा सकेगा। यदि कोई पर्यटक बाहर मोबाइल का उपयोग करते पकड़ा गया तो उसका फोन सीज किया जा सकता है। साथ ही संबंधित नेचर गाइड और जिप्सी चालक के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

## स्टिल कैमरे ले जा सकेंगे

कॉर्बेट प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्यटक फोटोग्राफी के लिए डीएसएलआर और अन्य स्टिल कैमरे साथ ले जा सकेंगे। लेकिन मोबाइल फोन से फोटो या वीडियो बनाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। कॉर्बेट प्रशासन ने पर्यटकों से नियमों का पालन करने की बात कही है

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा
भी उपलब्ध है!



MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार
XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

# डिजिटल डेथ ट्रैप : मासूमों की जान लेता गेम संचालकों का कुत्सित व्यापार

-विवेक रंजन श्रीवास्तव

आज के दौर में स्मार्टफोन केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि एक ऐसा प्रवेश द्वार बन चुका है जिसके दूसरी ओर अंधेरी गलियां भी हैं। गाजियाबाद में फरवरी 2026 की वह हृदयविदारक घटना, जिसमें तीन सगी बहनों ने कथित तौर पर एक कोरियन टास्क-बेस्ड गेम के प्रभाव में आकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली, इस खतरे की भयावहता का जीवंत प्रमाण है।

इस तरह के डिजिटल मोबाइल खेल अब केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहे, बल्कि एक सुसंगत वैश्विक 'डार्क इकोनॉमी' और मनोवैज्ञानिक युद्ध का हिस्सा बन चुके हैं। इन घातक खेलों की दुनिया को समझने के लिए इनके फैलाव और इनकी प्रकृति का विश्लेषण आवश्यक है। रूस से शुरू हुआ 'ब्लू व्हेल चैलेंज' इस श्रृंखला का सबसे कुख्यात नाम रहा है, जिसमें मुख्य रूप से 'VKontakte' और इंस्टाग्राम जैसे सोशल प्लेटफॉर्म्स का सहारा लेकर किशोरों को 50 दिनों के आत्मघाती जाल में फंसाया जाता था। इसके बाद व्हाट्सएप और यूट्यूब के माध्यम से जापान और मेक्सिको की जड़ों से निकले 'मोमो चैलेंज' ने दस्तक दी, जो डरावनी कॉल्स और ब्लैकमेलिंग के जरिए बच्चों को मानसिक आघात पहुँचाता रहा। वर्तमान में, के-पॉप



संस्कृति की लोकप्रियता का फायदा उठाकर कुछ अज्ञात स्रोतों से 'कोरियन लव या टास्क गेम्स' संचालित हो रहे हैं, जो चैटबॉट्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए आई) के जरिए बच्चों से भावनात्मक जुड़ाव बनाकर उन्हें अंतिम आत्मघाती कदम उठाने के लिए उकसाते हैं। सिंगापुर और चीन जैसे देशों से संचालित होने वाले 'फ्री फायर' जैसे आधिकारिक बैटल गेम्स भी अपनी अत्यधिक लत और वित्तीय नुकसान के कारण बच्चों में अवसाद और आत्महत्या का कारण बन रहे हैं। इन खेलों के पीछे का आर्थिक ढांचा अत्यंत भयावह है। अक्सर यह प्रश्न उठता है कि किसी बच्चे की जान लेने से किसी को क्या आर्थिक लाभ हो सकता है, लेकिन इसका उत्तर 'डार्क वेब' की काली दुनिया में छिपा है। गेम के संचालक, जिन्हें अक्सर 'क्यूरेटर' कहा जाता है, शुरुआती टास्क के दौरान ही बच्चों से उनकी निजी तस्वीरें, वीडियो और परिवार की बैंकिंग जानकारी हासिल कर लेते हैं। अंत में, इसी डेटा का उपयोग फिरौती वसूलने या बच्चे को अंतिम टास्क (आत्महत्या) के लिए मजबूर करने के लिए किया जाता है ताकि वह अपनी गोपनीयता बचा सके। इससे भी वीभत्स पहलू डार्क वेब पर होने वाली सट्टेबाजी है, जहाँ दुनिया भर के विकृत मानसिकता वाले लोग इन टास्क्स के पूरा होने पर 'बिटकॉइन' जैसी क्रिप्टोकरेंसी में सट्टे के दांव लगाते हैं।

मनोवैज्ञानिक रूप से ये खेल बच्चे को पूरी तरह से दुनिया से काट देते हैं। संचालक बच्चे के मन में यह विश्वास भर देते हैं कि टास्क पूरा न करना कायरता है और मृत्यु ही उसे एक विशेष 'डिजिटल पहचान' दिलाएगी।

अभिभावकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे तकनीक के इस स्याह पक्ष को पहचानें। जब बच्चा अचानक एकांतप्रिय हो जाए, रात के समय जागने लगे या इंटरनेट के उपयोग को लेकर जरूरत से ज्यादा गोपनीयता बरतने लगे, तो इसे खतरे की घंटी समझना चाहिए। तकनीक की प्रगति जब मानवता की बलि लेने लगे, तो उसे प्रगति नहीं, विनाश समझना चाहिए।

भली लगे या बुरी...

## बजट के विविध आयाम

देश-प्रदेश की प्रगति में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों-एमएसएमई का विशेष योगदान है जो निर्यात के साथ जमीनी स्तर पर लोगों को रोजगार देने में उल्लेखनीय भूमिका निभाते हैं। 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने में एमएसएमई की भूमिका को देखते हुए इनके विकास फंड के लिए बजट में 10,000 करोड़ का प्राविधान किया गया है। इससे उत्तर प्रदेश के एमएसएमई व खासकर वस्त्र उद्योग, खादी व एक जिला एक उत्पाद-ओडीओपी को बढ़ावा मिलेगा। यह तथ्य बार-बार रेखांकित किया जाना चाहिए कि उत्तर प्रदेश में ओडीओपी की व्यापक प्रगति को देखते हुए अब अन्य प्रदेश भी इसका अनुसरण कर रहे हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओडीओपी की तर्ज पर 'एक जिला एक व्यंजन'-ओडीओसी योजना शुरू की है। केन्द्रीय बजट में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उठाए कदमों से इस योजना को भी लाभ होगा। देश में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए नेशनल कार्उसिल फार होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलोजी का उच्चीकरण कर नशलन इंस्टीट्यूट आफ हास्पिटैलिटी बनाने का निर्णय किया गया है। इसके साथ ही देश के 20 पर्यटन केन्द्रों पर 10,000 गाइडों को प्रशिक्षित किया जाएगा। बजट में इसके लिए 95 हजार करोड़ की भारी-भरकम धनराशि आवंटित की गई है। वर्तमान समय में कांग्रेस जहां पूरे देश में 'मनरेगा बचाओ' अभियान चला रही है, वहीं केन्द्र सरकार वीबी-जी राम जी को ग्रामीण विकास की दिशा में अनूठा कदम बता रही है। इसके लिए आबंटित धनराशि का समुचित जमीनी स्तर पर प्रयोग तथा समुचित नियोजन से देश का ग्रामीण परिदृश्य बदलने में सहायता मिलेगी। वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने किसानों की आय बढ़ाने में हाई-प्रोफाइल फसलों, जैसे अगर, नारियल, सुपाड़ी, आदि का उल्लेख करते हुए इनमें शोध, उत्पादन व बिक्री की रूपरेखा पेश की है। इनमें से कई फसलों का उत्पादन दक्षिण भारत तथा पूर्वोत्तर भारत में होता है जहां विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। हालांकि, वित्त मंत्री ने चुनावों को ध्यान में रख कर बजट नहीं बनाया है और वे शुरू से ही वित्तीय व्यावहारिकता तथा राजकोषीय प्रबंधन पर जोर देती रही हैं।

## जैन मंदिर में शान्ति धारा व शान्ति विधान का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। अतिशयकारी श्री दिगम्बर जैन पचायती मन्दिर में 125 वें वार्षिक महोत्सव पर अभिषेक शान्ति धारा व शान्ति विधान का आयोजन किया गया। भगवान श्री चन्द्रप्रभु पर प्रथम कलश अभिषेक, पीयूष जैन, श्री आदिनाथ पर अंकुर जैन, श्री महावीर, राजेश जैन व शांति धारा विपिन जैन ने लेने के बाद प्रधान दीपक जैन, मंत्री नीरज जैन ने शास्त्री दिवाकर जैन से शांति विधान करने का निवेदन किया। शांति विधान में जैन श्रावक श्राविकाओ ने उत्साह से भाग लिया। रुक्मणी जैन, नेहा जैन, कुमकुम जैन, रिंकू जैन, आशा जैन, दिया जैन, प्रेरणा जैन, पूनम जैन, राजीव जैन, राहुल जैन, भाविक जैन, दीपक जैन, सरला जैन, रश्मि जैन, स्नेहलता जैन, चुमकी जैन, निधि जैन, नेहा जैन, संगीता जैन, वन्दना जैन, संध्या जैन, पुनीत जैन, गोरी जैन, कुशमन्दनी जैन, संजय जैन सहित काफी सख्या मे जैन श्रावक श्राविका उपस्थित रहे।




### जैन समाज के मंत्री नीरज जैन को सम्मानित किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद श्री मन्दिर के 125 वर्ष विधान पूर्ण करने पर लगातार 25 वर्षों से मंत्री पद पर कार्य करने वाले समाज के मंत्री नीरज जैन तथा कमेटी मेंबरों को वरिष्ठ श्रावक जितेंद्र जैन व जिनेश्वर दास जैन ने शॉल व पटका पहनाकर सम्मानित किया। समाज ने कमेटी के कार्यों की सहराना करते हुए भविष्य में भी समाज को ऐसे ही जोड़े रखने की इच्छा व्यक्त की।

## कांवड़ यात्रा हो गई प्रारंभ, नहीं भरा गया गड्ढा

### सड़क पर बना गड्ढा दुर्घटना को दे रहा दावत

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। नेशनल हाईवे 74 नजीबाबाद-हरिद्वार मार्ग मंडावली-गांवड़ी तिराहे पर मेन रोड पर एक गड्ढा दुर्घटना को दावत दे रहा है। इस गड्ढे की समस्या को राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को अवगत कराते हुए चिंगारी ने प्रमुखता से छापा था, जिस पर जल्द ही समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया गया था। नजीबाबाद के आदर्शनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने भी चिंगारी की खबर को संज्ञान में लेकर राष्ट्रीय राज्यमंत्री नितिन गडकरी को एक शिकायती पत्र भेजकर अवगत कराया था कि विभाग के द्वारा नजीबाबाद-हरिद्वार मार्ग पर सड़क बनाने का कार्य चल रहा है। मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बने होने से जनमानस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीते दिनों उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार के थाना श्यामपुर में एक गड्ढे में स्कूटी पलट जाने के कारण एक महिला की मौत भी हो गई थी, इसके अलावा नजीबाबाद-हरिद्वार मार्ग पर ग्राम मंडावली में हुकूमतपुर केशो उर्फ गांवड़ी तिराहा मार्ग पर बने गड्ढे से दोपहिया वाहन व ई-रिक्शा को खतरा बना हुआ है। वाहनों की तेज स्पीड होने के कारण कभी भी भयंकर दुर्घटना हो सकती है। इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय



राजमार्ग परियोजना के निदेशक शशांक शर्मा ने आरटीआई कार्यकर्ता मनोज कुमार को भेजे गए जवाबी पत्र में कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले गड्ढे को सही कराने की बात कही थी। जबकि कांवड़ यात्रा शुरू हो चुकी है, लेकिन यह गड्ढा अभी तक नहीं भरा गया है। इसके अलावा हरिद्वार मार्ग पर नजीबाबाद से मंडावली तक काफी जगह गड्ढे है जिन्हें सही नहीं कराया गया है।

# नवाचार को बढ़ावा देने के लिये बिजनौर में औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन

## योगी सरकार में उद्योगपति पूरी तरह सुरक्षित- सोमेन्द्र तोमर

## भाजपा सरकार में हो रहा सर्वांगीण विकास- भूपेन्द्र चौहान बॉबी

## योगी सरकार में बिजनौर के विकास को पंख लगे- मौसम चौधरी

**बिजनौर (चिंगारी)। औद्योगिक आस्थान सहकारी समिति लि., बिजनौर द्वारा जनपद के औद्योगिक विकास को नई दिशा प्रदान करने तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहित करने और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भव्य औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी का समापन आज शाम को किया जायेगा।**

कल बृहस्पतिवार को कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रदेश सरकार ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता औद्योगिक आस्थान सहकारी समिति लि., बिजनौर के अध्यक्ष अभिषेक गोयल द्वारा की गई।

समारोह के दौरान क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान देने वाले प्रतिष्ठित उद्योगपतियों को **'एमएसएमई आजीवन उपलब्धि सम्मान'** से अलंकृत किया गया। जिनमें सुधीर अग्रवाल नहटौर, विनोद कुमार बंसल चांदपुर, अनिल कुमार खन्ना इंडस्ट्रियल एरिया बिजनौर, हरपाल चौधरी इंडस्ट्रियल एरिया बिजनौर, नरेश चन्द गुप्ता नजीबाबाद शामिल रहे।

इसी क्रम में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु चिंगारी संपादक सूर्यमणि रघुवंशी को एवं स्वदेशी की अलख जगाने के लिये प्रशांत महर्षि को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। महिला उद्यमी विशेष सम्मान श्रीमती सुरभि जैन, अलका कौशिक एवं श्रीमती रश्मि रानी राजपूत इंडस्ट्रियल एरिया बिजनौर को प्रदान किया गया।



औद्योगिक प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर

कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि सोमेन्द्र तोमर ने एमएसएमई क्षेत्र को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि योगी जी की सरकार में उद्योगपति पूरी तरह सुरक्षित हैं और निश्चिंत होकर उद्योग चला रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी ने कहा कि योगी सरकार में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है और सभी वर्गों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद योगी सरकार में बिजनौर जनपद के विकास को पंख लगे हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब दिनदहाड़े व्यापारियों को लूट लिया जाता था और उद्योगपतियों से अवैध वसूली की जाती थी। आज चारों ओर शांति व सुरक्षा का माहौल है।





बुजुर्ग व्यापारी तथा महिला उद्यमी को सम्मानित करते हुए मंत्री सोमेन्द्र तोमर।

औद्योगिक प्रदर्शनी में विभिन्न उद्योगों द्वारा अपने उत्पादों, तकनीकी नवाचारों एवं औद्योगिक क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में उद्यमियों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों ने सहभागिता की। समारोह का कुशल संचालन डा. विपुल कुमार रस्तौगी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सीडीओ रणविजय सिंह, युवा उद्यमी डॉ. शुऐब मण्डावर, बी.एस. राजपूत, के.के. अग्रवाल, अजय वत्स, सतीश त्यागी आदि मौजूद रहे।

### औद्योगिक विकास को गति मिलेगी- अभिषेक गोयल

**औद्योगिक आस्थान सहकारी समिति बिजनौर के अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने अपने संबोधन में बताया कि यह आयोजन केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि जनपद के औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने का एक सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि जब स्थानीय उद्योग सशक्त होंगे, तभी जनपद एवं प्रदेश आर्थिक रूप से सुदृढ़ बन सकेगा।**

### रतन टाटा की पुण्य स्मृति को समर्पित आयोजन

**यह संपूर्ण आयोजन भारत के महान उद्योग पुरुष, आदर्श नेतृत्व एवं मानवीय मूल्यों के प्रतीक स्वर्गीय श्री रतन टाटा को समर्पित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं उद्योगपतियों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए उन्हें याद किया। वक्ताओं ने कहा कि रतन टाटा ने भारतीय उद्योग जगत को वैश्विक पहचान दिलाने के साथ-साथ समाज सेवा, नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों की जो परंपरा स्थापित की, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बनी रहेगी।**

## महिलाओं की सुरक्षा व संरक्षण के बारे में जानकारी दी



नजीबाबाद (चिंगारी)। प्रदेश सरकार द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान तथा नारी स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय नजीबाबाद में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वरिष्ठ शिक्षक नेता मोबीन हसन की उपस्थिति में सब इंस्पेक्टर सुभाष राणा तथा सब इंस्पेक्टर प्रीति रानी ने विद्यालय के बालक/बालिकाओं को महिलाओं की सुरक्षा, सहयोग एवं संरक्षण के लिये किये जा रहे कार्यों के साथ ही सायबर क्राइम तथा उससे बचाव तथा पुलिस के सहयोग, आपातकालीन पुलिस सेवा, अग्निशमन, वीमेन हेल्पलाइन चाइल्ड लाइन, गर्भवती महिलाओं तथा नवजात शिशुओं के लिये हेल्पलाइन एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के संबंध में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा प्रधानाध्यापिका शहनाज, शाहजहां, प्रतिज्ञा, नजमा, कुमुद, राधा, शीरीन, मदीहा, विनीत आदि उपस्थित रहे।

## थाना प्रभारी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के मामले में रिपोर्ट दर्ज

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक के खिलाफ सोशल मीडिया पर वायरल अभद्र टिप्पणी व जातिसूचक शब्दों की वीडियो उच्चाधिकारियों ने संज्ञान में लेकर कार्रवाई के निर्देश दिये। जिसके बाद थाना प्रभारी के द्वारा आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वायरल वीडियो में कुछ लोग आपस में बात कर रहे है, जिसमे एक व्यक्ति के द्वारा मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक के खिलाफ अमर्यादित व गाली-गलौज वाली भाषा का प्रयोग करने के साथ जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर उन्हें अपमानित करने का प्रयास भी किया गया। पुलिस के उच्चाधिकारियों के द्वारा वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच कराई गई। जांच के बाद मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक के द्वारा आरोपी मुकुल कुमार निवासी ग्राम चमरौला थाना नांगल सोती के खिलाफ एससी एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## ग्रामीणों ने की बस स्टैंड पर लाइटें लगवाने की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम शाहबपुरा उर्फ हिंदूपुर के ग्रामीणों ने 734 कोतवाली हाईवे पर स्थित बस स्टैंड पर मार्ग किनारे लाइटें लगवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग किनारे लाइटें लगी न होने के कारण उधर से आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही रात में अंधेरा होने के कारण हादसे का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने ग्राम हिंदूपुर में अंदर जाने वाले मुख्य मार्ग की मरम्मत भी कराने की मांग की है। मार्ग काफी खराब होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मांग करने वालों में प्रधान राशिद, अनीस अहमद सिद्दीकी, मेहर आलम, ब्रजेश, इदरीस, टीकम सिंह, मुकीम आदि शामिल रहे।

# आम बजट पर राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की अलग-अलग राय

**मंडावली ( चिंगारी )। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा इस बार सदन में पेश किये गये बजट पर विभिन्न राजनीति दलों के पदाधिकारियों ने अलग-अलग प्रतिक्रिया व्यक्त की।**



## कैंसर की दवाइयों के दाम घटाना सराहनीय कदमः अनुज चौधरी

भारतीय जनता पार्टी के नेता अनुज चौधरी ने बजट में शुगर, कैंसर जैसी भयंकर दवाइयों के दाम घटाना एक सराहनीय कदम बताया है। उन्होंने कहा कि बजट विकास को गति देकर एक बढ़ता कदम है। बजट से शिक्षा प्रणाली में भी काफी सुधार आएगा।



## आम बजट आम जनता के हित में नहीं: हाजी नसीम

कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव हाजी नसीम अंसारी ने कहा कि आम बजट आम जनता के हित में नहीं है। यह बजट एक दिखावा है। बजट भविष्य के लिए अच्छा नहीं है। युवाओं के लिए निराशाजनक बजट है। किसानों को भी इस बजट से काफी आशा थी, लेकिन बजट घोषित होने के बाद उनके निराशा हाथ लगी है।



## किसानों व बेरोजगारों के लिए बजट निराशाजनक: शेषपाल राठी

बहुजन समाज पार्टी के नेता एवं सहकारी समिति सिकरौड़ा के चेयरमैन शेषपाल राठी ने कहा कि बजट में स्वास्थ्य व परिवहन को काफी बढ़ावा दिया गया है। किसानों को अनदेखा कर बेरोजगार युवकों के लिए भी यह बजट काफी निराशाजनक है। बजट में महंगाई दर कम होनी चाहिए थी। बजट में कैंसर जैसी घातक बीमारी की दवाई सस्ती करना एक अच्छी पहल है।

## बजट में किसानों के लिए कुछ नहीं है: जाहिद मकरानी



भारतीय किसान संगठन एकता के जिला अध्यक्ष जाहिद मकरानी ने कहा कि आम बजट में शिक्षा, चिकित्सा को काफी कुछ दिया गया है, लेकिन इस बजट में रोजगार के अवसर नहीं दिखाई दिये। किसानों के लिए भी बजट में कुछ नहीं दिया गया है। गन्ना मूल्य बढ़ाया जाना चाहिए था, जो नहीं बढ़ाया गया है, इसलिए किसानों व बेरोजगारों के लिए यह बजट अच्छा नहीं है।

## बजट से आम आदमी ठगा महसूस कर रहा है: वाजिद मकरानी



आजाद समाज पार्टी के नेता वाजिद मकरानी ने कहा कि आम बजट की घोषणा होते ही सेंसेक्स लुढ़क गया, जिससे निवेशकों को काफी नुकसान हुआ है। इस बजट से आम आदमी एक बार फिर अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उच्च शिक्षा व अल्पसंख्यक कल्याण के लिए इस बजट में कुछ खास नहीं है। किसानों को भी अनदेखा किया गया है। कैंसर रोगियों के लिए बजट में काफी कुछ है।

**परिचर्चा : मोहित कर्णवाल**

# यूपी के गांव हो रहे हाईटेक

## प्लास्टिक कचरे से बनायी 75 किलोमीटर लंबी सड़क

लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश के गांव अब स्वच्छता और नवाचार की नई पहचान गढ़ रहे हैं। प्लास्टिक कचरे से सड़क निर्माण, घर-घर कूड़ा संग्रहण कर उससे खाद निर्माण और आय सृजन के अभिनव प्रयोगों ने प्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य को हाईटेक बना दिया है। राजधानी लखनऊ समेत रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में प्लास्टिक कचरे से अब तक 75 किलोमीटर लंबी सड़कें तैयार की जा चुकी हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास का नया मॉडल पेश कर रही हैं। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में वेस्ट मैनेजमेंट का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में घर-घर से कूड़ा संग्रहण शुरू कर वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है। इस पहल से अब तक तीन करोड़ रुपये से अधिक की आय सृजित हो चुकी है। वहीं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों से 29 लाख रुपये की अतिरिक्त कमाई की गई है। इस योजना के तहत पंचायतीराज विभाग प्रदेश में 'वेस्ट टू वेल्थ' मॉडल पर काम कर रहा है। पंचायती राज विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ गांव महाभियान के तहत कूड़े को संसाधन में बदला जा रहा है। प्लास्टिक कचरे का सदुपयोग कर सड़क निर्माण, जैविक कचरे से खाद उत्पादन और पंचायतों की आय बढ़ाने के ये प्रयोग प्रदेश के हर गांव को स्वच्छ, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इस योजना के जरिए प्रदेश के हर गांव में अभिनव प्रयोग किए जाएंगे। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह के अनुसार, विभाग ग्राम पंचायतों को नवाचार के माध्यम से मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। गांव-गांव स्वच्छता अभियान के साथ प्लास्टिक वेस्ट के यूटिलाइजेशन से न केवल पर्यावरण सुरक्षित हो रहा है, बल्कि करोड़ों रुपये की आय भी सृजित हो रही है।

# यूपी की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी में होगी 'मॉम-2' की शूटिंग

## फरवरी के अंत या मार्च की शुरुआत में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

## सेट के लिए शुरू हुई लैंड मैपिंग, 20 दिन में तैयार होगा शूटिंग सेट

## उत्तर प्रदेश को फिल्म, ओटीटी, वेब सीरीज समेत एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनाना है सीएम योगी का विजन

लखनऊ/ग्रेटर नोएडा ( एजेंसी/चिंगारी )। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट 'इंटरनेशनल फिल्म सिटी' ने अब जमीनी रफ्तार पकड़ ली है। गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में विकसित की जा रही उत्तर प्रदेश की इस पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी में पहली फिल्म शूटिंग के रूप में 'मॉम-2' का फिल्मांकन होने जा रहा है। फिल्म सिटी परिसर में शूटिंग को लेकर प्रारम्भिक तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। परियोजना का निर्माण कर रहे बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के ज्वाइंट वेंचर 'बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्राइवेट लिमिटेड' ने जमीन की मैपिंग का कार्य शुरू कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, मैपिंग पूरी होने के बाद करीब 20 दिनों के भीतर शूटिंग सेट तैयार कर लिया जाएगा, जिसके बाद फिल्म की शूटिंग शुरू होने की सम्भावना है। बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रोजेक्ट के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि शूटिंग की तैयारियों के साथ-साथ फिल्म सिटी के निर्माण कार्य की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। इसके साथ ही फिल्म सिटी के निर्माण का कार्य भी शुरू हो जाएगा और जल्द ही मुख्यमंत्री योगी व प्रधानमंत्री मोदी के कर कमलों से इसका विधिवत शुभारम्भ होने की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि बोनी कपूर की कम्पनी ने ही 2017 में रिलीज हुई बॉलीवुड फिल्म 'मॉम' को प्रोड्यूस किया था और अब उन्होंने इसके दूसरे पार्ट की शूटिंग को यूपी में करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।




इंटरनेशनल फिल्म सिटी यमुना एक्सप्रेस-वे के सेक्टर-21 में विकसित की जा रही है। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को फिल्म, ओटीटी, वेब सीरीज़ समेत एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनाना है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निकट विकसित हो रही यह फिल्म सिटी आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, बेहतर कनेक्टिविटी और वर्ल्ड-क्लास सुविधाओं के साथ प्रदेश को एक एंटरटेनमेंट और एवियेशन हब के रूप में स्थापित करेगी। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि फिल्म सिटी की औपचारिक शुरुआत से पहले 'मॉम-2' जैसी फिल्म की शूटिंग इस बात का संकेत है कि यूपी की फिल्म पॉलिसी और इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर फिल्म इंडस्ट्री का भरोसा तेजी से बढ़ रहा है। यह परियोजना आने वाले समय में मुम्बई समेत देश के अन्य फिल्म निर्माण केंद्रों का एक सशक्त विकल्प बन सकती है। उल्लेखनीय है कि इंटरनेशनल फिल्म सिटी प्रोजेक्ट का कार्य बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक बोनी कपूर व भूटानी ग्रुप को संयुक्त रूप से मिला है। इस कम्पनी ने यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के साथ एग्रीमेंट साइन किया है। यीडा ने लेआउट प्लान को मंजूरी दिये जाने के बाद परियोजना के पहले चरण की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

# कम्भौर में धरना जारी, आन्दोलन तेज करने की तैयारी

## प्रशासन हरकत में आया, लेकिन आंदोलनकारियों ने मिट्टी के डम्पर को लौटाया


डम्पर से पलटी गई मिट्टी। बाद में विरोध के चलते मिट्टी के डम्पर वापस लौट गये।


रोड बनाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण।

**बिजनौर (चिंगारी)।** चांदपुर की चुंगी से ग्राम फतेहपुर की रोड बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना आज दूसरे दिन भी जारी रहा। आज ग्राम फतेहपुर, छोइया नंगली, गंगदासपुर, हसनपुर, कम्भौर, सिरधनी आदि गांवों को चलने वाली ई-रिक्शा के चालकों ने अपना समर्थन दिया। इस बीच प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए क्षतिग्रस्त रोड के गड्ढों को भरने के लिये मिट्टी डालना शुरू किया तो आंदोलनकारियों ने यह कहकर मिट्टी के डम्पर लौटा दिये कि इससे तो कीचड़ और ज्यादा हो जायेगी। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे नजाकत कम्भौर का कहना है कि फिलहाल आरबीएम डालकर रोलर चलाया जाये ताकि कांवड़ यात्रियों को पैदल चलने में सुविधा हो। मिट्टी डालने से कीचड़ और बढ़ जायेगा। मिट्टी का केवल एक डम्पर उतर पाया था, बाकी डम्पर लौटा दिये। धरना प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि कल से नगर पालिका के कूड़ा लेकर आने वाले वाहन तथा सभी रिक्शा भी बंद किये जायेंगे। समस्या का समाधान होने पर धरना जारी रहेगा। आज गौरव चौधरी, ओमपाल सिंह, मोनू पाल, लियाकत हुसैन, सुरेन्द्र सिंह, मकसूद अहमद, नरेश कुमार, अश्वनी कुमार, मनोज कुमार, रोहित कुमार, दिनेश कुमार, महीपाल सिंह, ऋषभ सिंह चढ्ढा, धर्मेन्द्र सिंह, दिग्विजय सिंह, शाहिद हुसैन, मौ. अख्तर हसनपुर, इंतजार हसनपुर, शहजाद हसनपुर, सुल्तान हसनपुर, विनय कुमार एड., नितिन कुमार, खलील अहमद, सुनिता, चन्द्रपाल सिंह, शाहिद बिजनौर, नजाकत अली कम्भौर आदि धरने पर मौजूद रहे।

### हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बना धरना

**कांवड़ यात्रा के मद्देनजर चांदपुर की चुंगी-फतेहपुर रोड को लेकर चल रहा धरना प्रदर्शन साम्प्रदायिक सौहार्द और हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल बन गया है। इस मुद्दे को नजाकत कम्भौर द्वारा उठाया गया। उनके आह्वान पर अनेक हिन्दू-मुसलमान एक साथ मिलकर आवाज उठा रहे हैं। नजाकत कम्भौर का कहना है कि कांवड़ यात्रा हिन्दू भाइयों का एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। इस मार्ग से हजारों कांवड़ यात्री हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर पैदल गुजरते हैं। मार्ग की हालत इतनी खस्ता है कि पैदल चलना दूभर है।**

---

## चाइनीज मांझे के खिलाफ प्रशासन ने छेड़ा अभियान

**बिजनौर (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के बाद जिले में चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक को लेकर प्रशासन व पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। गुरूवार को एसडीएम सदर रितुरानी व सीओ सदर संग्राम सिंह के नेतृत्व में शहर के कई स्थानों



पर पतंग और मांझा बेचने वाली दुकानों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान कही चाइनीज मांझा की बिक्री होना नहीं पाया गया। अधिकारियों ने साफ शब्दों में दुकानदारों को चेतावनी दी कि चाइनीज मांझा बेचते पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चैकिंग के दौरान अधिकारियों ने सभी दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे केवल मानक और सुरक्षित सूती मांझा ही बेचें। किसी भी प्रकार का प्रतिबंधित मांझा मिलने पर दुकान सील करने तक की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के अनुसार, चाइनीज मांझा इंसानों, पशु-पक्षियों और वाहन चालकों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। इसके बावजूद कुछ दुकानदार चोरी-छिपे इसकी बिक्री कर रहे थे, जिसकी शिकायतें लगातार मिल रही थीं। एसडीएम सदर रितुरानी व सीओ सिटी संग्राम सिंह ने आम लोगों से भी अपील की कि वे चाइनीज मांझे का उपयोग न करें और इसकी अवैध बिक्री की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।

## हुमायूं बेग ने हेमंत बिस्वा के खिलाफ तहरीर दी

**बिजनौर (चिंगारी)।** मुस्लिम समुदाय के खिलाफ कथित आपत्तिजनक और भड़काऊ बयान देने के मामले में शहर कांग्रेस कमेटी, बिजनौर के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता हमायूं बेग ने थाना कोतवाली शहर बिजनौर में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। हमायूं बेग के अनुसार 31 जनवरी 2026 को असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा द्वारा सार्वजनिक मंच से कथित रूप से मुस्लिम समुदाय के विरुद्ध आपत्तिजनक एवं घृणास्पद बयान दिया गया था। यह बयान समाचार पत्रों, सोशल मीडिया तथा अन्य संचार माध्यमों के जरिए व्यापक रूप से प्रसारित हुआ, जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है तथा समाज में वैमनस्य और तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष हुमायूं बेग ने कहा कि इस प्रकार के बयान से विभिन्न समुदायों के बीच आपसी सौहार्द बिगड़ने तथा कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने मांग की कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष एवं विधिक जांच कराई जाए।

## बंद मकान के ताले तोड़कर जेवर चोरी

**बिजनौर (चिंगारी)।** एक बंद मकान के ताले तोड़ कर चोर सोने- चांदी के जेवर व अन्य सामान चोरी कर ले गये। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। वार्ड 10 में सिरधनी रोड पर नहर के पास रहने वाला गुड्डू कश्मीर रहता है। उसकी पत्नी महनाज़ अपने तीन बच्चों के साथ यहां उक्त मकान में रहती है। बुधवार को गुड्डू की पत्नी बच्चों के साथ मायके किरतपुर गई थी। कल सुबह जब महनाज़ मायके से लौटी तो घर के ताले टूटे हुए थे। महनाज़ के अनुसार चोर घर से तीन चांदी व दो सोने की चीजों के आलावा अन्य सामान चोरी कर ले गये। महनाज़ ने घटना की सूचना जाटान पुलिस चौकी को देदी है। मालूम हो कि जाटान पुलिस चौकी क्षेत्र में चोरी की एक के बाद एक घटनायें हो चुकी हैं।

---

## पटाखा फैक्ट्री में आग लगी, धमाकों से गूंज उठा क्षेत्र

### घटना के समय फैक्ट्री में 12 मजदूर कर रहे थे काम, कोई हताहत नहीं

### पटाखों में घर्षण होने से हुआ हादसा

**बिजनौर (चिंगारी)।** बख्शीवाला-जोधुवाला मार्ग पर नहर के पास स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार की सुबह करीब 8:30 बजे अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरा मच गई। बारूद व तैयार पटाखों में लगी आग से इतने तेज धमाके हुए जनकी गूंज दूर तक सुनाई दी। धमाकों से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना के समय फैक्ट्री में लगभग 12 मजदूर काम कर रहे थे। बताया जाता है कि मजदूरों ने अभी काम शुरू ही किया था कि अचानक तिल्ली वाले पटाखों में घर्षण होने से आग भड़क उठी। धमाकों के बीच सभी मजदूर किसी तरह जान बचाने के लिये बाहर निकल भागे। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। सूचना मिलते ही सीओ सिटी संग्राम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर



पहुंची। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एहतियात के तौर पर पुलिस ने आसपास का क्षेत्र सुरक्षित कराया। फैक्ट्री मालिक बुंदू निवासी मोहल्ला बुखारा बिजनौर ने घटना के समय फैक्ट्री में मौजूद नहीं था। वह अपनी बीमार मां की दवा लेने नजीबाबाद गया हुआ था। बुंदू ने फोन पर बताया कि आग से फैक्ट्री में रखा बारूद और तैयार माल जल गया, जिससे उसे करीब 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रशासन ने पटाखा फैक्ट्रियों को सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। मौके पर पहुंचे फायर स्टेशन के कार्यवाहक प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि आग तिल्ली वाले पटाखों में घर्षण के कारण लगी होगी।

# मासूम बच्ची के साथ अश्लील हरकतें करने वाले को 10 साल की सज़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विशेष सत्र न्यायाधीश श्रीमती कल्पना पांडेय ने मासूम बालिका के साथ अश्लील हरकतें करने व उससे मारपीट कर घायल करने वाले नरेंद्र ऊर्फ गुड्डू को दस वर्ष कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक भालेंद्र सिंह राठौर के अनुसार नजीबाबाद थाना क्षेत्र की एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने अपनी 8 वर्षीय और छह वर्षीय पुत्रियों को 16 अक्टूबर 2025 को अपने गांव के ही धर्मेंद्र पुत्र भोपाल सिंह की दुकान पर सामान लेने भेजा था। उस समय दुकान पर धर्मेंद्र का 36 वर्षीय भाई नरेन्द्र उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम प्रतापपुर थाना नजीबाबाद था, वह उसकी लड़कियों को मुंह भींचकर खेतों में ले गया। उसकी छोटी लड़की नरेन्द्र के हाथ में काटकर वहां से भाग आई और शोर मचा दिया। शोर मचाने पर गांव के लोग इकट्ठा हो गए। लोग जब लड़की को बचाने पहुंचे तो नरेन्द्र लड़की के साथ गंदी हरकतें कर रहा था। लोगों को आते देखकर नरेंद्र ने लड़की की गर्दन मरोड़ कर उसे तालाब में धक्का दिया और भाग गया। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश श्रीमती कल्पना पांडेय ने अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त नरेंद्र ऊर्फ गुडु को भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(2)/62 की धारा पॉक्सो एक्ट की धारा 18 के तहत 10 वर्ष कठोर कारावास और 20 हज़ार रुपए अर्थदंड की सजा, धारा 10 के तहत 6 वर्ष कठोर कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड, भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत 5 वर्ष कठोर कारावास एवं दस हजार रुपए अर्थदंड, धारा 115(2) के तहत एक वर्ष कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## गैर इरादतन हत्या में दो भाइयों सहित चार को दस-दस साल का कठोर कारावास

**बिजनौर ( चिंगारी )। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नगीना श्री अनुपम सिंह ने गैर इरादतन हत्या में दो सगे भाइयों सहित चार अभियुक्तों को दस-दस वर्ष कठोर कारावास एवं एक लाख 40 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।**

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता क्षितिज अग्रवाल के अनुसार अफजलगढ़ थानांतर्गत ग्राम हिदायतपुर टांडा निवासी महबूब पुत्र शमीम अहमद के चाचा नसीम अहमद की शटरिंग की दुकान गांव में ही है। इसके ऊपर बने मकान में परिवार के लोग रहते हैं। 21 नवम्बर 2019 की सुबह गांव के ही राशिद व रियासत पुत्रगण मोहम्मद उमर दुकान पर आए और किसी बात पर नाराज होकर चले गए। उसी दिन तीन बजे करीब रशीद और रियासत, शहजाद पुत्र अली अहमद और शहजाद का जीजा शमीम पुत्र बाबू रकीब निवासी ग्राम मीरपुर मोदीवाला इकट्ठे होकर दुकान पर तमंचे लहराते हुए आए और गालियां देने लगे। गालियां देने को मना किया तो उन्होंने नसीम अहमद को जान से मारने की नीयत से गंडासे से सिर पर वार किया, जिससे नसीम लहूलुहान होकर बेहोश होकर गिर पड़ा। बचाने आए महबूब पर भी हमला किया, चचेरे भाई सलमान को भी मारा और महिलाओं के साथ भी मारपीट की। बाद में सारे अभियुक्त धमकी देते हुए चले गए। नसीम की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह ने अपराध सिद्ध होने पर राशिद, रियासत, शहजाद और शमीम को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 304 के तहत दस-दस वर्ष कठोर कारावास एवं पच्चीस पच्चीस हजार रुपये अर्थदंड, धारा 308 के तहत चार-चार वर्ष कठोर कारावास, पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड, धारा 452 के तहत तीन-तीन वर्ष कठोर कारावास और पांच -पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा होने पर उसमें से 50 हजार रुपये मृतक की माता को दिलाए जाने के भी आदेश दिये हैं।

# नौकरी लगवाने के नाम पर 7 लाख ठगे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक बेरोजगार से सात लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पैसे मांगने पर ठग उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस सम्बंध में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

स्थानीय रेलवे स्टेशन रोड निवासी पीड़ित मंयक भटनागर पुत्र सुनील भटनागर ने बताया कि उसके प्रसून कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह, निवासी ग्राम भंडौरा, थाना व तहसील मुजफ्फरनगर से लंबे समय से दोस्ताना और पारिवारिक संबंध थे। आरोप है कि प्रसून कुमार ने वर्ष 2016 में यह कहकर उससे रुपये लिए कि उसकी आयकर विभाग में बड़ी सेटिंग है, वह उसकी सरकारी नौकरी लगवा सकता है। पूरी तरह भरोसा करने पर मयंक ने सितंबर 2016 में उसे सात लाख रुपये दे दिए। जब काफी समय बाद भी नौकरी नहीं लगी, तो आरोपी ने रकम लौटाने के लिए एक साल का समय मांगा, लेकिन समय बीतने के बाद भी पैसे वापस नहीं किए। मंयक भटनागर ने बताया कि जब उसने बार-बार फोन कर पैसे मांगने शुरू किए तो आरोपी ने कॉल उठाना बंद कर दिया। नये नंबर से संपर्क करने पर उसे धमकी दी गई कि हम मुजफ्फरनगर के लोग हैं, हमारी पकड़ बहुत ऊपर तक है, ज्यादा बोलोगे तो जान से मार देंगे। पीड़ित मयंक की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपी प्रसून के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### एक लाख किये हैं वापस

**पीड़ित का आरोप है कि लगातार दबाव बनाने पर आरोपी ने किश्तों में केवल एक लाख रुपये लौटाए। इनमें जनवरी 2018 में 40 हजार, दिसंबर 2018 में 40 हजार और अप्रैल 2019 में दो किश्तों में 10-10 हजार रुपये बैंक खाते में जमा कराए गए। इसके बाद करीब छह लाख रुपये अब भी बकाया हैं।**

# दहेज के लिए बहू को घर से निकाला, अश्लील वीडियो वायरल किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, शारीरिक-मानसिक प्रताड़ना और अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शहर कोतवाली निवासी एक पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 13 जून 2021 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार ग्राम खेड़ी भोजपुर निवासी रिजवान पुत्र याकूब से हुई थी। शादी में उसके माता-पिता ने अपनी क्षमता के अनुसार दान-दहेज दिया, लेकिन इसके बावजूद पति और ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं थे। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुर याकूब, सास शमशीदा, ननद साजिदा, जेठ सलमान और देवर रिहान लगातार कम दहेज का ताना देते हुए मारपीट और प्रताड़ना करते रहे। उससे बुलेट मोटरसाइकिल और पांच लाख रुपये नकद की मांग की जाती थी। उसने कई बार अपने माता-पिता और पुलिस को शिकायत की, यहां तक की मध्यस्थता भी कराई गई, लेकिन हालात नहीं सुधरे। आरोप है कि करीब डेढ़ साल पहले उसे गर्भावस्था के दौरान मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। ससुराल वालों ने यह कहकर मायके भेज दिया कि बच्चा वहीं पैदा हो, क्योंकि वे उसका खर्च नहीं उठाएंगे। उसकी दूसरी बेटी का जन्म मायके में हुआ। पुलिस ने पति रिजवान सहित छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जबरन बनाये थे आपत्तिजनक वीडियो

**पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके पति ने आत्महत्या की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल किया और जबरन आपत्तिजनक वीडियो बनवाए। बाद में मांग पूरी न होने पर इन्हीं वीडियो और फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। 9 जनवरी को फोन पर भी पति ने धमकी देते हुए कहा कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो वह वीडियो वायरल कर देगा। इसके बाद कथित तौर पर वीडियो और फोटो व्हाट्सएप व अन्य प्लेटफॉर्म पर फैलाए गए। वीडियो वायरल होने के बाद उसे रिश्तेदारों और परिचितों ने फोन कर बताया।**

# कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने किये यातायात व्यवस्था के व्यापक प्रबंध

## 29 स्थानों पर बनाये गये डायवर्जन प्वाइंट

**बिजनौर ( चिंगारी )। कांवड़ यात्रा को लेकर बिजनौर पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था के लिए व्यापक तैयारी की हुई है। संभावित जाम और भीड़ से निपटने के लिए जिलेभर में 29 स्थानों पर डायवर्जन प्वाइंट बनाए गए हैं। डायवर्जन प्वाइंट पर 200 से अधिक यातायात पुलिसकर्मी जिम्मेदारी निभाएंगे। कांवड़ मार्ग पर यातायात सुचारू रखने एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले भर में कई प्रमुख चौराहों, तिराहों और बॉर्डर प्वाइंट्स पर ड्यूटी स्थल चिन्हित किए गए हैं। कांवड़ मार्ग पर संभावित भीड़ और जाम की स्थिति से निपटने के लिए जिलेभर में 29 प्रमुख स्थानों पर यातायात डायवर्जन लागू किया गया है। इसके साथ ही पर्याप्त संख्या में यातायात पुलिस बल की तैनाती की गई है, जिससे कांवड़ियों को किसी भी परेशानी से होकर न गुजरना पड़े।**

**यहां रहेगा डायवर्जन :-** चिड़ियापुर बॉर्डर, मंडावली बाईपास, मोटा महादेव पार्किंग, मालन नदी तिराहा, आजाद चौक, देव पेट्रोल पंप तिराहा, चितौड़गढ़ चौराहा नगीना, हल्दौर-नहटौर चौराहा, झालू तिराहा, चांदपुर रोड तिराहा, कोतवाली देहात तिराहा, सेंट मेरी चौराहा, कालिका माता मंदिर चौराहा सहित कई प्रमुख स्थानों पर वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से मोड़ा जाएगा। इसके अलावा कराल फाटक चांदपुर, दुर्गा विहार कॉलोनी के सामने हाईवे मोड़ धामपुर, प्रयास चौकी करबा धामपुर, मित्तल पेट्रोल पंप तिराहा, मंडावर चौराहा डायवर्जन, सेंट मेरी चौराहा डायवर्जन, कालिका माता मंदिर चौराहा डायवर्जन, कृष्णा कॉलेज तिराहा, कोतवाली देहात तिराहा, समीपुर नहर कोटद्वार रोड नजीबाबाद, चांदपुर रोड तिराहा समेत अन्य संवेदनशील बिंदुओं पर भी यातायात नियंत्रण के लिए ड्यूटी लगाई गई है। कांवड़ ड्यूटी के तहत 10 यातायात उपनिरीक्षक, 40 मुख्य आरक्षी, 52 आरक्षी, 55 होमगार्ड और 45 पीआरडी जवानों को संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया गया है।

### भारी वाहनों पर रहेगी रोक

**यातायात प्रभारी दरोगा रवि नैन ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। आवश्यक सेवाओं को छोड़कर ट्रकों व अन्य भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि वे तय रूट डायवर्जन का पालन करें, अनावश्यक यात्रा से बचें और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें, ताकि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से संपन्न हो सके।**

### पुलिस ने की अपील

**यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्रशासन द्वारा तय किए गए रूट डायवर्जन का पालन करें और पुलिस का सहयोग करें, ताकि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराई जा सके।**

# गुलदार ने जंजीर में बंधे कुत्ते पर किया हमला

**नहटौर ( चिंगारी )। ग्राम रूगड़ी में देर रात एक गुलदार पालतू कुत्ते को उठाने की कोशिश में था, लेकिन जंजीर में बंधा होने के कारण वह कुत्ते को नहीं ले जा सका। हमले में पालतू पप्पी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम रूगड़ी निवासी अंकुर चौहान के घर में पालतू कुत्ता रात को घर के बरामदे में बंधा हुआ था। देर रात कुत्ते की आवाज आने पर अंकुर चौहान व परिजन बाहर निकले, उन्होंने देखा गुलदार कुत्ते पर झपट्टा मार रहा है। शोर सुनकर ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर पहुंचे। इसी दौरान गुलदार कुत्ते को छोड़कर भाग गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। अंकुर चौहान ने बताया कि कुछ दिनों से गुलदार की गतिविधियां बढ़ गई हैं, जिससे लोग रात में घर से निकलते हुए डर रहे हैं। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़वाये जाने की मांग की। वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने सूचना दी थी। कुत्ता स्वामी अंकुर चौहान से पिंजेर के लिए ट्रैक्टर भिजवाने की बात की है।**

# प्रेमिका की गला रेतकर हत्या के बाद प्रेमी ने आत्महत्या की

**मुजफ्फरनगर ( चिंगारी )।** जनपद के थाना जानसठ क्षेत्र के गांव भलवा में कई साल से चल रहे प्रेम प्रसंग में प्रेमिका की शादी तय होने पर प्रेमी युवक रोहित (31) ने प्रेमिका प्रगति उर्फ डोली (27) के घर पहुंच कर कमरे की अंदर से कुंडी लगाकर पहले प्रेमिका की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद चाकू से गला रेतकर आत्महत्या कर ली। मृतक प्रेमी और प्रेमिका का आमने सामने ही मकान है। इस घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी संजय कुमार वर्मा व एसपी देहात आदित्य बंसल भी घटनास्थल पर पहुंचे। एसएसपी ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर परिजनों से पूछताछ की। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे।

पुलिस के अनुसार कोतवाली जानसठ क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले गांव भलवा में दलित समाज के परिवार के रहने वाले भूषण और धारासिंह के आमने सामने मकान हैं। भूषण की 27 वर्षीय प्रगति उर्फ डोली पिछले चार साल से पढ़ाई करने के बाद गुडगांव की एक कंपनी में जॉब करती थी। मकान के सामने रहने वाला 31 वर्षीय रोहित पुत्र धारासिंह भी पहले गुड़गांव में ही था, लेकिन वर्तमान में वह रोडवेज बस में परिचालक के रूप में कार्यरत था। पुलिस को दी गई जानकारी में बताया गया कि इसी दौरान इन दोनों में प्रेम प्रसंग हो गया था। पुलिस के मुताबिक इन दोनों में प्रेम प्रसंग का दोनों परिवारों को मालूम भी था। दोनों शादी करना चाहते थे। लेकिन परिवार वाले सहमत नहीं थे। प्रगति की मेरठ के सरधना से शादी तय हो गई थी। 8 फरवरी को ही उसकी बारात आनी थी। परिवार के लोग शादी की तैयारी में लगे थे। शादी को लेकर प्रगति गुड़गांव से चार दिन पूर्व अपने घर पर आ गई थी। प्रेमिका की शादी का पता चलने पर प्रेमी रोहित बृहस्पतिवार की शाम 4.30 बजे प्रगति के घर पर पहुंचा। उसने प्रगति के कमरे में घुसकर चाकू से प्रगति की हत्या कर दी। इसके बाद खुद भी चाकू से गला रेतकर आत्महत्या कर ली।

## कमरे में खून ही खून दिखाई दिया

क्षेत्र के ग्राम भलवा में प्रेमिका की मौत की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा और एसपी ग्रामीण आदित्य बंसल सीओ जानसठ रूपाली राय और जानसठ पुलिस जब मौके पर पहुंची तो कमरे में तो मौत होने के कारण खून बह रहा था। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाने का काम भी किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या यह आत्महत्या का मामला है। पुलिस का कहना है कि घटना के समय कमरे के दरवाजे अंदर से बंद थे। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने मृतक युवती के परिजनों से भी घटना के संबंध में जानकारी ली। हालांकि उन्होंने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।फिलहाल दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हालांकि प्रेमी के परिजनों ने प्रेमिका के परिजनों पर अपने घर में दोनों की ऑनर किलिंग का शुरुआत में आरोप लगाया था लेकिन पुलिस ने पूरे मामले की जांच में फिलहाल इसे प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या ही माना। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## राम रक्षपाल की पत्नी के निधन पर शोक जताया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने के एम इंटर कॉलेज धामपुर के प्रवक्ता एवं शिक्षक नेता रामरक्षपाल की पत्नी के आकस्मिक निधन पर शोक जताया। उत्तर मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री सुधीर अग्रवाल, जिला अध्यक्ष सोमदेव सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी, जिला मंत्री वसीम सिद्दीकी, जिला कोषाध्यक्ष हर ज्ञान सिंह, डा. मनोज गोस्वामी, सत्येंद्र चौधरी इमरान अहमद, जावेद हुसैन, प्रदीप कुमार, पंकज कुमार, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, सुनील त्यागी आदि ने शिक्षक नेता राम रक्षपाल की पत्नी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दारुण दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

## रतनपुर खुर्द गांव की बदहाल सड़कों का अब होने जा रहा कायाकल्प

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के रतनपुर खुर्द गांव में बदहाल पड़ी सड़कों का अब कायाकल्प होने जा रहा है। सड़कों का निर्माण होने से लोगों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई है मिली जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार गांव की टूटी पूरी फूटी सड़कों का कायाकल्प करने में जुटे हैं औंधा मार्ग से क्रेशर तक लगभग 735 मीटर लंबे सड़क मार्ग पर सी सी कराकर उसे पक्का कराया जाना है, जिस पर जोर-शोर से काम चल रहा है। इसे कावड़ यात्रा से पहले ही पूरा कराए जाने के प्रयास ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे हैं। इससे पूर्व 150 मी थाना बैरियर मार्ग विधायक निधि से 90 मी टूंगरी मार्ग लोक निर्माण विभाग से तथा 125 मी ब्लॉक प्रमुख निधि से गांव की सड़कों का पहले ही निर्माण कराया जा चुका है। ग्राम प्रधान संगीता और उनके पति दुष्यंत कुमार के अथक प्रयासों से ही यह संभव हो पाया है। ऐसी लोगों में चर्चाएं हैं मालूम हो कि जल निगम विभाग द्वारा घर-घर पीने का पानी पहुंचाने के लिए गांव की सारी सड़के तोड़फोड़ दी गई थी बदहाल सड़कों पर लोगों को ठोकरे खाने के लिए विवश होना पड़ रहा था। लोग गुहार लगाते लगाते थक चुके थे, फिर भी ग्राम प्रधान और उनके पति अपने प्रयासों में जुटे रहे और सफल रहे उनकी गांव में काफी सराहना की जा रही है। वह अब तक ग्राम सचिवालय सुलभ शौचालय इंटरलॉकिंग सड़के पौधारोपण स्वच्छता अभियान आदि अनेकों निर्माण एवं विकास कार्य करा चुके हैं। कार्यकाल से पूर्व गांव को चमन बनाने का जो सपना उन्होंने लोगों को दिखाया था उस कसौटी पर आज वह पूरी तरह खरा उतरते नजर आ रहे हैं। लोग काफी उत्साहित हैं।



**ग्रामीणों में खुशी की लहर**

## पति-पत्नी खंभे से टकराये

### रोबिन चौधरी ने पहुंचाया अस्पताल

**स्योहारा ( चिंगारी )।** शादी समारोह मे शामिल होने जा रहे दम्पति बिजली के खंभे से टकरा गये। घायलों को समय रहते भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने अस्तपाल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव लाम्बाखेड़ा निवासी सतवीर सिंह व उनकी पत्नी सुधा देवी शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। सामने से आ रहे किसी वाहन की लाइट मुंह पर पड़ने से सामने खड़े बिजली के एक खंभे से दोनों टकरा गये । एक कार्यक्रम से लौट रहे युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रोबिन चौधरी ने मानवता दिखाते हुए दोनों घायलों को डाक्टर मनोज वर्मा के पास पहुचाया, जहां से प्राथमिक उपचार देकर दोनो को हायर सेंटर रैफर कर दिया। डाक्टर मनोज वर्मा ने रोबिन चौधरी की सराहना करते हुए कहा कि अगर समय रहते वह दोनों घायलों को नहीं पहुंचाते तो जान भी जा सकती थी।

## पारस ने किया गूल का उद्घाटन



**किरतपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं विधायक नगीना मनोज पारस ने विधानसभा के क्षेत्र किरतपुर के गांव बूढ़पुर मुफ्ती में नलकूप विभाग खंड बिजनौर द्वारा निर्मित विद्युतीकृत नलकूप (ट्यूबवैल) की लगभग 400 से 500 मी0 की गूल का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि यह महत्वपूर्ण परियोजना क्षेत्रवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित एंव नियमित पेयजल उपलब्ध कराकर उनके जीवन को सरल और बेहतर बनायेगी। जिससे क्षेत्र के किसानों को समय पर पर्याप्त पानी मिल सके और उनकी खेती को लाभ हो। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता नलकूप मंडल मुरादाबाद सिंचाई विभाग, अधिशासी अभियंता नलकूप खंड बिजनौर, सहायक अभियंता, जूनियर इंजीनियर, संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधि पूर्व प्रधान ज्ञानेश्वर राजपूत नीटू भाई, वरिष्ठ पत्रकार याकूब किरतपुर, ज्ञानेश्वर राजपूत उर्फ नीटू भाई एंव ग्रामीण मौजूद रहे।

## नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन, 40 से अधिक मरीजों का होगा आप्रेशन

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** क्षेत्र की सामाजिक अग्रणी संस्था बिजनौर यूथ फाउंडेशन की ओर से गुरुवार को कोतवाली देहात में एक विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आधुनिक मशीनों द्वारा आंखों का परीक्षण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बुजुर्गों और असहाय लोगों ने हिस्सा लिया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस दौरान देहरादून के विख्यात श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल से आए नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ और डॉ. शौकीन ने अपनी मेडिकल टीम के साथ मरीजों की आंखों की गहनता से जांच की। डॉक्टरों ने बताया कि शिविर में आए लगभग 500 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद, काला पानी और दृष्टि दोष की शिकायतें मिलीं। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि परीक्षण के दौरान 40 से अधिक ऐसे मरीजों का चयन किया गया, जिनकी आंखों का ऑपरेशन अनिवार्य है। इन सभी मरीजों को संस्थान की ओर से श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल, देहरादून ले जाया गया है, जहाँ उनका पूर्णत: नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में आए अन्य मरीजों को फाउंडेशन द्वारा मुफ्त दवाइयां और चश्मे के परामर्श दिए गये। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और फाउंडेशन के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने इस अच्छे कार्य की प्रशंसा की। बिजनौर यूथ फाउंडेशन की टीम में मो रिहान, मौलाना कादिर, अब्दुल वाहिद, इकराम, नौशाद, अफजाल, सलमान, समीर, नदीम मलिक आदि मौजूद रहे।



## जयंती कार्यक्रमों को लेकर गदगद हैं ओम कुमार

# रविदास जयंती पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन का आभार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नहटौर विधायक ओम कुमार ने जनपद में रविदास जयंती को धूमधाम और श्रद्धापूर्वक मनाने के लिए जहां संत शिरोमणि रविदास के अनुयायियों और जनपदवासियों को बधाई दी है, वहां दूसरी ओर जयंती कार्यक्रमों में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन विशेष रूप से जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक झा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिले में रविदास जयंती शांतिपूर्ण ढंग से तथा निर्बाध रूप से मनाई गई। जिसके लिए प्रशासन भी बधाई का पात्र है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन ने शोभायात्रा आदि कार्यक्रमों की परमिशन समय



पर दी, जिससे सभी कार्यक्रम सही ढंग से सम्पन्न हुये। इसी के साथ विधायक ओम कुमार ने सहारनपुर जिले की घटना का संज्ञान लेते हुए कहा कि इस संबंध में वह शीघ्र ही महाराज जी (मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ) से मिलेंगे और उन्हें पूरी घटना से अवगत कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही कराएंगे। विधायक ओम कुमार ने कहा कि महाराज जी के शासन में दलितों सहित किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं हो सकता। महाराज जी सबका ध्यान रखते हैं। सहारनपुर में दूसरे सम्पदाय के जिन लोगों ने रविदास जयंती में व्यवधान डालने का प्रयास किया है, उन्हें बख्शा नहीं जायेगा।

## शिवभक्तों की सुविधा हेतु, कल से बनाया जायेगा सेतु

**धामपुर ( चिंगारी )।** महाशिवरात्रि पर्व के दौरान विकासखंड अल्हैपुर की ग्राम पंचायत नाथाडोई के नंदगांव खो बैराज के मार्ग से गुजरने वाले शिव भक्त कांवर्तियों की सुविधा हेतु लकड़ी का पुल (सेतु) बनाए जाने का कार्य कल से शुरू हो जाएगा। यह जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत सचिव त्रिवेंद्र चौहान ने बताया कि सेतु बनाने के लिए नंद गांव में बल्ली और लकड़ी की फंटी पहुंचाई जानी शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि यह लकड़ी का पुल ग्रामीणों के सहयोग से बनाया जाएगा।

## राष्ट्रीय राजमार्ग की उदासीनता से क्षेत्रवासियों में रोष

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** कांवड़ यात्रा को लेकर शासन-प्रशासन ने सभी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी कार्य समय से पूरा करने के लिए निर्देश दिये थे। मोटा महादेव मंदिर परिसर में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा आयोजिय बैठक में भी सबसे ज्यादा एनएचएआई व पीडब्ल्यूडी की समस्या उठाई गई थी, जिसमें अधिकारियों को स्पष्ट किया गया था कि समय रहते सभी कार्यों को पूरा किया जाए, जिससे कांवड़ यात्रा के लिए आने वाले शिवभक्त कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कांवड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए हरिद्वार आने व जाने वाले वाहनों के लिए रूट डायवर्ट कर गाइडलाइन जारी कर दी गई है। लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग की उदासीनता के प्रति क्षेत्रवासियों में रोष है।

## वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार रस्तौगी के निधन पर पत्रकारों ने जताया शोक



फाइल फोटो सुशील कुमार रस्तौगी

**धामपुर ( चिंगारी )।** पत्रकार एकता मंच के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार रस्तौगी का बृहस्पतिवार को स्वर्गवास हो गया। वह 65 वर्ष के थे। उनके निधन का समाचार पाकर पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। परिजनों ने इलाज के लिए उन्हें मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर सुशील कुमार रस्तौगी ने अंतिम सांस ली। उनके बेटे शलभ रस्तौगी ने बताया कि उनके पिता की पांच दिन पहले तबीयत बिगड़ी, तो उन्हें इलाज के लिए मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। सुशील कुमार रस्तौगी लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यशील थे। उन्होंने कई प्रमुख हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों सहित इलेक्ट्रॉनिक चैनल में कार्य किया है। उनके निधन से पत्रकारिता क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। बड़े ही सरल एवं मृदुभाषी स्वभाव के धनी सुशील कुमार रस्तौगी ने हमेशा गरीब, मजदूर और पीड़ितों की मदद लिए अपनी कलम चलाई है।

गौरतलब है कि बीते 26 जनवरी को प्रेस क्लब, धामपुर के अध्यक्ष खुर्शीद अंसारी का निधन हो गया था। पत्रकार एकता मंच के संरक्षक अनिल शर्मा एडवोकेट, कोऑर्डिनेटर राहुल श्याम, अध्यक्ष मनोज कात्यायन, महामंत्री शाकिर अंसारी, कोषाध्यक्ष यतेंद्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंतेखाबुर्रहमान, सचिव राजीव कुमार, उपाध्यक्ष राकेश कुमार, दिग्विजय सिंह, सुरेंद्र सिंह, अमित शर्मा, इमरान अहमद, लोकेश शर्मा, विपिन कुमार, लोकेश शर्मा, सपा नगराध्यक्ष हैदर अली आढ़ती, जमालुदीन अंसारी, शमशुल अरब, मोहम्मद सलमान आदि ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। उनका अंतिम संस्कार नहटौर मार्ग स्थित बड़िया अंत्येष्टि स्थल पर किया गया।

## शिक्षक राम रक्षपाल सिंह की पत्नी के निधन पर अध्यापकों ने जताया शोक

**धामपुर ( चिंगारी )।** शेरकोट रोड स्थित सुहागपुर निवासी उपाध्याय समाज के जिला अध्यक्ष एवं के एम इन्टर कालेज धामपुर के अध्यापक रामरक्षपाल उपाध्याय की 58 वर्षीय धर्मपत्नी मिथलेश देवी का असामायिक निधन हो गया। मिथलेश देवी रात लगभग 10.30 बजे खाना खाकर सोने के लिए जा रही थीं। अचानक उनके गले में खाने का फंदा लगा। परिजनों द्वारा तत्काल मिथलेश देवी को नगर के डॉक्टरों को दिखाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मिथिलेश देवी के देहांत का समाचार पाकर नाथ, योगी, जोगी, उपाध्याय समाज में शोक व्याप्त हो गया। रामरक्षपाल सिंह उपाध्याय के निवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तातां लगा रहा। केएम इन्टर कालेज से प्रधानाचार्य सुभाष कुमार, अनिल कुमार चौहान, रिटायर्ड अध्यापक अशोक जैन, दिनेश कुमार शर्मा आदि अध्यापकों द्वारा राम रक्षपाल सिंह उपाध्याय के निवास पर पहुंचकर अपनी शोक संवेदना प्रकट की गई। शेरकोट स्थित खो बैराज पर मृतक मिथलेश देवी का अंतिम संस्कार किया गया।



फाइल फोटो मिथलेश देवी

## मतदाता सूची में संशोधन कराने को उमड़े मतदाता



सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भुनेंद्र कुमार फार्म जमा करते हुए।

**धामपुर ( चिंगारी )।** विशेष प्रगाढ़ पुन: निरीक्षण अभियान के अंतर्गत आज अल्हैपुर ब्लॉक में अंतिम दिन मतदाता सूचियों में संशोधन करने के लिए वोटरों का जनसमूह उमड पड़ा। इस अवसर पर सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भुनेद्र कुमार ने नगर पालिका परिषद धामपुर के चार काउंटरों पर फार्मो को जमा कराया। इस अवसर पर वहां बीएलओ और आंगनबाड़ी कार्यकत्री भी मौजूद रही।

## अब चैन से जीवन गुजार सकेगी शांति राणा

**राजेश शर्मा**

### डीएम ने की सहायता

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** पति की आकस्मिक मृत्यु के कारण परिवार की आर्थिक तंगी, तीन छोटे बच्चों की जिम्मेदारी, ऊपर से बैंक के ऋण के बोझ से जूझ रही विधवा शांति राणा को जिला प्रशासन से उस समय राहत मिली जब उसने जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में आयोजित 'जनता दर्शन' में अपनी पीड़ा साझा की।

शान्ति राणा ने बताया कि उसके पति मनबहादुर राणा ने परिवार की आजीविका के लिए बैंक से 372600 रुपये का ऋण लिया था। दुर्भाग्य से एक सड़क दुर्घटना में उसके पति की मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के बाद घर में कोई कमाने वाला नहीं रहा। शान्ति राणा ने बताया था कि वर्तमान में उसकी 12 वर्षीया पुत्री अंशिका, 5 वर्षीय पुत्र अक्षय एवं एक अन्य पुत्र है, जिनके भरण-पोषण और सीमित संसाधनों के चलते वह ऋण की किश्ते भी जमा करने में असमर्थ है। शांति राणा ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी अत्यन्त दयनीय आर्थिक स्थिति का उल्लेख करते हुए ऋण राहत तथा आर्थिक सहायता का अनुरोध किया था। मामले की गंभीरता एवं



मानवीय पक्ष को देखते हुए जिलाधिकारी सविन बंसल ने उप जिलाधिकारी न्याय को प्रकरण की सम्यक् जांच करके नियमानुसार त्वरित राहत सुनिश्चित करने के निर्देश दिये थे। इसके साथ ही सीएसआर फंड के माध्यम से शांति राणा को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए यह धनराशि उनके बैंक के खाते में हस्तांतरित की गई, जिससे उनके पति का बैंक ऋण पूरी तरह से निपट जाये। इसके अतिरिक्त शान्ति राणा की छठी कक्षा में पढ़ रही पुत्री अंशिका की 12वीं कक्षा तक की 1.62 लाख रुपये की फीस भी स्कूल प्रबंधन के खाते में जमा कराई गई।

इस सबके अतिरिक्त शान्ति राणा को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार से जोड़ने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि पीड़िता को विभिन्न शासकीय योजनाओं सामाजिक सुरक्षा लाभ एवं अन्य संभावित सहायता से लाभान्वित किया जाये।

# चन्द्रशेखर के आने की ख़बर से पुलिस रही अलर्ट मोड पर

## कार्यक्रम टलने पर पुलिस ने ली चैन की सांस



कोटद्वार-बिजनौर सीमा पर कौड़िया में मुस्तैद कोटद्वार पुलिस।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बीते दिनों नगर में एक दुकान का नाम बदलने को लेकर हुए विवाद के बाद नगीना सांसद चंद्रशेखर सहित कई नेताओं के कोटद्वार पहुंचने की खबर से पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में रहा। एसएसपी सर्वेश पंवार समेत कई जनपदों की फोर्स और अधिकारी यहां मोर्चा संभाले हुए थे। हालांकि अपरिहार्य कारणों से सांसद के कोटद्वार आने का कार्यक्रम टलने से पुलिस ने चैन की सांस ली। बतातें चलें कि कोटद्वार के पटेल मार्ग स्थित वकील अहमद की कपड़े की दुकान के नाम को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने तीन पक्षों पर मुकदमे दर्ज किये हैं। उसके बाद से यहां माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। गुरुवार को नगीना से सांसद चंद्रशेखर समेत कुछ राजनीतिक शख्सियतों के कोटद्वार पहुंचने की खबर पर पौड़ी पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। कोटद्वार-बिजनौर की सीमा पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। स्वयं एसएसपी भी मौके पर मौजूद रहते हुए पुलिस प्रशासन को ब्रीफ कर रहे थे। इस दौरान पुलिस बल ने पैदल मार्च करने के साथ ही सघन चेकिंग अभियान भी चलाया। कोटद्वार में एक युवक दीपक कुमार द्वारा खुद को मोहम्मद दीपक कहने के बाद से मचे घमासान में राजनीतिक सरगर्मियां काफी बढ़ी हुई है। मुस्लिम समाज के लोग और यूपी, उत्तराखंड के विपक्षी दल दीपक का समर्थन कर रहे हैं। मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत कई नेताओं के ट्वीट करने से माहौल गरमाया हुआ है। कोतवाली पुलिस ने इस विवाद में पहला मुकदमा दुकानदार वकील अहमद की ओर से बजरंग दल के अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया है। दूसरा मुकदमा बजरंग दल कार्यकर्ता कमलपाल की ओर से दीपक उर्फ अक्की (मोहम्मद दीपक) व कांग्रेस नेता विजय रावत समेत अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज किया है। तीसरा मुकदमा खुद बाजार चौकी के इंचार्ज विनोद कुमार की ओर से देहरादून और हरिद्वार से हंगामा करने आए बजरंग दल कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज कराया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने कहा कि स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में हैं और किसी भी तरह की परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर का माहौल किसी भी हाल में खराब नहीं होने दिया जाएगा।

## सरकारी योजनाओं का लाभ उठायें ग्रामीण

### दुगड्डा में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग और माटी जैव विविधता संरक्षण व सामाजिक शोध संगठन देहरादून के सौजन्य से जीआइसी दुगड्डा में गुरूवार को कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र खर्कवाल ने किया। विशिष्ट अतिथि बीडीओ बीडी रतूड़ी ने कहा कि ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाने के लिए सरकार की ओर से अनेक प्रकार की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। एसएचजी के माध्यम से इसका प्रबंधन किया जा रहा है। कार्यशाला में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश, नर्सरी कृषि विशेषज्ञ सुनील कुमार ने मशरूम प्रबंधन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण व बाजार से जुड़ाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। इसमें सरकार भी मदद कर रही है। कार्यशाला में एबीडीओ राजीव ध्यानी, ग्राम प्रधान रेशमा, संस्था की सचिव डॉ. अंकिता राजपूत व प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर डॉ. जोखन शर्मा सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## लैब कैमिस्ट की ड्यूटी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मौत


मुनीश चौहान का फाइल फोटो

**जसपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय एक फैक्ट्री में कार्यरत लैब कैमिस्ट की ड्यूटी पर पहुंचने के कुछ देर बाद ही तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा मामले की सूचना पुलिस एवं कर्मी के परिजनों को दी गई।

जानकारी के मुताबिक यूपी के जिला बिजनौर स्थित ग्राम दहलावाला एवं हाल में वैशाली कॉलोनी निवासी मुनीश चौहान (46 वर्ष) पुत्र पीयूष चौहान भूतपुरी रोड स्थित एक फैक्ट्री में लैब कैमिस्ट के पद पर कार्यरत था। गुरुवार की सुबह छः बजे वह रोजाना की तरह ड्यूटी पहुंचा ही था कि उसकी तबीयत खराब होने से उसकी मौत हो गई। हृदय गति रुकने से उसकी मौत की संभावना व्यक्त की जा रही है। बताते हैं कि मृतक दो साल से फैक्ट्री में काम करता था। इससे पहले वह गुरुग्राम में काम कर चुका था। लैब कैमिस्ट की मौत से उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे माता-पिता, पत्नी एवं दो बेटों को रोता बिलखता छोड़ गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## उत्तराखण्ड में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर कांग्रेसियों ने रोष व्यक्त किया

### सरकार को निर्देश देने की राज्यपाल से की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार के कार्यकाल में कानून व्यवस्था बिगड़ने के साथ ही सांप्रदायिक सद्भाव भी बिगड़ रहा है, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

इस संबंध में गुरूवार को पूर्व कांग्रेस मेयर प्रत्याशी रंजना रावत के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के विकास नगर, देहरादून और ऋषिकेश में लचर कानून व्यवस्था के चलते 03 महिलाओं की नृशंस हत्या हो चुकी है, देहरादून में तो युवती ने पुलिस को संभावित खतरे से पहले ही आगाह कर दिया था, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं दूसरी ओर कोटद्वार के हालिया घटनाक्रम में हुड़दंगियों द्वारा सामाजिक सद्भावना की मिसाल बने युवक दीपक कुमार के साथ अभद्रता करने का प्रयास किया, जिसे उचित नहीं कहा जा सकता। कहा कि देवभूमि माने जाने वाले प्रदेश में इस तरह की घटनाएं उचित नहीं हैं। प्रदेश सरकार को इस पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। ज्ञापन में प्रदेश के राज्यपाल से इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करने हेतु प्रदेश सरकार को निर्देशित करने की अपील की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में पाती राम ध्यानी, प्रेम सिंह पयाल, बलबीर सिंह रावत, बीरेंद्र सिंह रावत, लक्ष्मी चौहान, शीला भारती गोकुल सिंह नेगी, चन्द्र मोहन सिंह रावत और रीता देवी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## ज़हर खाने से युवती की मौत

**जसपुर ( चिंगारी )।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवती ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवती की मौत से उसके परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यूपी के ठाकुरद्वारा स्थित एक गांव की 22 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों से जहर गटक लिया। हालत बिगड़ने पर आनन फानन में परिजन उसे लेकर जसपुर के एक निजी अस्पताल पहुंचे। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## कांवड़ यात्रा को लेकर कोतवाली में हुई शांति कमेटी की बैठक

### सफाई और बिजली आपूर्ति के दिये सुझाव


बैठक में सुझाव रखते व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह।

**जसपुर ( चिंगारी )।** अगले सप्ताह शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा के सफल संचालन को लेकर शांति कमेटी की बैठक में लोगों ने अपने सुझाव रखे। व्यापार मंडल ने कांवड़ यात्रा के दौरान हर संभव सहयोग करने की बात कही।

गुरुवार को कोतवाली परिसर में आयोजित शांति कमेटी की बैठक एएसपी स्वप्न किशोर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में लोगों ने त्यौहार के दौरान सफाई, बिजली, पानी एवं सुरक्षा के मुख्य सुझाव दिये। साथ ही यात्रा मार्गो पर सीसीटीवी लगाने की बात कही। व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह ने नगर में वाहनों की नो एंट्री करने, यात्रा पथ पर लाइटों की व्यवस्था करने तथा व्यापारियों से सड़क से सामान हटाकर सहयोग करने की अपील की। नीलकमल शर्मा ने ट्रिपल राइडिंग, बिना साइलेंसर की बाइक वालों के रोकथाम की मांग की। भाजपा नगर अध्यक्ष राजकुमार एवं सुधीर विश्नोई ने पतरामपुर रोड पर खड़े ट्रक एवं नगर में सड़कों पर खड़ी कारों के अतिक्रमण से अधिकारियों को अवगत कराया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल ने तहसीलदार दलीप सिंह से कहा कि नगर पालिका एवं नगर पंचायत द्वारा यात्रा मार्गों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए, मार्ग की साज सज्जा के साथ पानी की उचित व्यवस्था की जाए तथा अस्थाई शौचालय बनाये जाएं। इस दौरान एएसपी स्वप्न किशोर ने लोगो से सहयोग करने की अपील की। पालिका अध्यक्ष नौशाद सम्राट, प्रधान संघ अध्यक्ष गुरमीत सिंह, एसएसआई जावेद मालिक, संतोष देवरानी, एसडीओ सद्दाम अली, सतीश अरोरा, हरीश ग्रोवर, विनोद अरोरा, विमल अग्रवाल, अनीस, शहजाद, विशाल आदि भी मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# प्रेम-प्रसंग के चलते नाबालिग छात्रा ने ज़हर खाकर जान दी

**नगीना ( चिंगारी )।** प्रेम प्रसंग के चलते कक्षा नौ की नाबालिग छात्रा ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी का काफी दिनों से पड़ोस में रहने वाले अपनी ही जाति के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जाता है कि दो दिन पूर्व किशोरी के परिजनों ने प्रेमी युवक के साथ उसे देख लिया था तथा इस बात पर उसे डांट दिया था। इसी बात से नाराज होकर रात्रि में किसी समय किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा जानकारी जुटाई। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि परिजनों ने पड़ोस के ही एक युवक पर इस मामले में आरोप लगाया है। तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि किशोरी के मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद चलेगा।

बिकाऊ है
तीन दुकानें 10X33 फीट फर्स्ट फ्लोर, एक हॉल 20X30 फीट एवं 400 वर्ग गज प्लॉट, नेहरु स्टेडियम के सामने, पार्वती निवास, चैतन्य कॉम्पलैक्स में बिकाऊ है।
सम्पर्क करें-
6395709896, 9412714583

# भंडाफोड़ होने और आवाज़ बुलंद करने से घबराये साजिशकर्ताओं में हड़कम्प

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** पिछले कई दिनों से फर्जी तरीके से बड़ी संख्या में फॉर्म नं. 7 के जरिए सही वोट कटवाने के प्रयास की साजिश का भंडाफोड़ होने और कई सपा एवं आसपा नेताओं, जागरूक व्यक्तियों द्वारा इस साजिश के खिलाफ आवाज बुलंद करने से साजिशकर्ताओं की यह नापाक मंशा अब लगभग नाकाम सी होती दिखाई दे रही है। हालांकि अभी मतदाताओं में संशय बरकरार है कि कहीं उनके साथ अन्याय न हो जाये। पिछले कई दिनों से एसआईआर अभियान के तहत मतदाताओं के बड़ी संख्या में फर्जी ढंग से फॉर्म नं. 7 के माध्यम से वोट कटवाने की साजिशों की चर्चाएं आम थीं। यह बात जब जंगल में आग की तरह फैली तो मतदाता, कई पार्टियों के नेता एवं अनेक जागरुक व्यक्ति चौकन्ने हो गए। उन्होंने जहां बीएलओ से संपर्क साधना शुरू किया, वहीं उन्होंने अपने-अपने स्तर से अधिकारियों से इसकी शिकायत कर आवाज उठाना शुरु कर दिया। इस प्रकार की सूचनाएं प्रकाश में आने पर कई सपा एवं आसपा नेताओं एवं जागरूक लोगों ने इस संबंध में भी किसी भी सही मतदाता के साथ अन्याय होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। साजिश के खिलाफ आवाज बुलंद होते देख साजिशकर्ताओं में भी हड़कंप मच गया और फिर वह अपने द्वारा जगह-जगह वोट काटने हेतु भेजे गए फर्जी फॉर्म नं. 7 को वापस लेने के लिए स्वयं भी दौड़ने लगे। संबंधित अधिकारियों द्वारा कहा जा रहा है कि किसी भी सही व्यक्ति का वोट नहीं काटा जाएगा।

आवश्यकता है
एक लड़की (कंप्यूटर ऑपरेटर) के लिए आवश्यकता है, योग्यता- ग्रेजुएट
नजीबाबाद शहर की लड़की को वरीयता दी जायेगी।
लोकेशन- साहू जैन डिग्री कॉलेज से आगे, श्रीराम मार्बल्स के पास
UG MEDIA ADVERTISING COMPANY - NAJIBABAD
CONTACT- 9756155005


आवश्यकता है
एक लड़का (सेल्स एंड मार्केटिंग) के लिए आवश्यकता है, योग्यता- इंटर पास
नजीबाबाद शहर के लड़के को वरीयता दी जायेगी ।
लोकेशन- साहू जैन डिग्री कॉलेज से आगे, श्रीराम मार्बल्स के पास
UG MEDIA ADVERTISING COMPANY - NAJIBABAD
CONTACT- 9639264946

बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन

ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION | UNCONDITIONAL WARRANTY * | COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
*नियम व शर्तें लागू
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312
आवश्यकता है- अनुभवी, कुशल युवक की
आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476


Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor